**भारत सरकार**
**कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय**
**कृषि एवं किसान कल्याण विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1270**
**30 जुलाई, 2024 को उत्तरार्थ**

**विषय: आंध्र प्रदेश में पीएमएफबीवाई के लाभार्थी**

**1270. श्री केसिनेनी शिवनाथः**

क्या **कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) आंध्र प्रदेश राज्य में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) के अंतर्गत लाभार्थियों की जिला-वार और लिंग-वार कुल संख्या कितनी है;

(ख) आंध्र प्रदेश राज्य में पीएमएफबीवाई के अंतर्गत भुगतान किए गए, अस्वीकृत किए गए और लंबित बीमा दावों की जिला-वार कुल संख्या कितनी है;

(ग) दावों को अस्वीकृत किए जाने के प्रमुख आधारों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) आंध्र प्रदेश राज्य में पीएमएफबीवाई के अंतर्गत किए गए बीमा दावों की जिले-वार औसत राशि और वितरित की गई धनराशि की औसत राशि कितनी है?

**उत्तर**
**कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)**

**(क) से (घ):** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) राज्यों के साथ-साथ किसानों के लिए भी स्वैच्छिक है। आंध्र प्रदेश सरकार ने खरीफ 2020 सीजन से इस योजना को कार्यान्वियन न करने का फैसला लिया था । भारत सरकार द्वारा किए गए ठोस प्रयासों और नई पहलों के कारण आंध्र प्रदेश सरकार खरीफ 2022 सीजन से इस योजना में पुनः शामिल हो गई है।

पीएमएफबीवाई के प्रावधानों के अनुसार, बीमित किसानों को सूखा, बाढ़ आदि जैसी व्यापक आपदाओं के संबंध में दावा दर्ज करने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि यह योजना मुख्य रूप से 'क्षेत्रफल दृष्टिकोण' के आधार पर कार्यान्वित की जाती है। संबंधित राज्य सरकार द्वारा बीमा कंपनी को उपलब्ध कराए गए प्रति इकाई क्षेत्रफल की उपज के आंकड़ों और योजना के परिचालन दिशा-निर्देशों में बताए गए क्लेम कैल्कुलेशन फ़ॉर्मूला के आधार पर नेशनल क्राप इंश्योरेंश पोर्टल (एनसीआईपी) पर **डिजीक्लेम मॉड्यूल** के माध्यम से बीमा कंपनियों द्वारा स्वीकार्य दावों की गणना की जाती है और सीधे बीमित किसान के खाते में भुगतान किया जाता है। इसलिए, इन दावों के अस्वीकृत रहने का प्रश्न ही नहीं उठता।

यद्यपि, ओलावृष्टि, भू-स्खलन, जलप्लावन, बादल फटना, प्राकृतिक आग से हुए नुक्सान को स्थानीय जोखिमों के कारण होने वाले नुकसान और फसलोपरांत चक्रवात (Cyclone), चक्रवाती/बेमौसम वर्षा और ओलावृष्टि के कारण होने वाले नुकसान की गणना व्यक्तिगत बीमित खेत के आधार पर की जाती है। यहां किसानों को, बीमा कंपनी/राज्य सरकार/संबंधित वित्तीय संस्थान/पोर्टल/ऐप को नुकसान के 72 घंटों के भीतर उसकी सूचना देनी होती है। इन दावों का आकलन राज्य सरकार और संबंधित बीमा कंपनी के प्रतिनिधियों वाली संयुक्त समिति द्वारा किया जाता है। बीमा कंपनियां, किसानों द्वारा देर से सूचना देने, गैर-बीमित किसानों की सूचना देने, गैर-बीमित फसल की सूचना देने, भू-खंड का गलत विवरण देने आदि जैसे विभिन्न कारणों पर इस सूचना को अस्वीकार कर सकती हैं।

आंध्र प्रदेश में वर्ष 2022-23 और 2023-24 के दौरान पीएमएफबीवाई के तहत नामांकित किसान आवेदनों की संख्या का जिला-वार विवरण **अनुबंध-I** पर दिया गया है। वर्ष 2022-23 और 2023-24 के लिए जेंडर-वार विवरण **अनुबंध-II** पर दिया गया है।

वर्ष 2022-23 के दौरान आंध्र प्रदेश में भुगतान किए गए दावों और औसत भुगतान का जिला-वार विवरण **अनुबंध-III** पर दिया गया है।

**अनुबंध-I**

**पीएमएफबीवाई के तहत आंध्र प्रदेश में नामांकित किसान आवेदनों का जिला-वार विवरण**

| ज़िले का नाम | 2022-23 | 2023-24 |
|---|---|---|
| अल्लूरी सीताराम राजू | 1,51,287 | 1,76,522 |
| अनकापल्ली | 4,72,831 | 5,01,651 |
| अनंतपुर | 3,83,439 | 5,09,362 |
| अन्नमय्या | 1,03,830 | 1,75,622 |
| बापतला | 6,16,182 | 5,68,621 |
| चित्तूर | 1,18,770 | 1,68,074 |
| डॉ.बी.आर.अंबेडकर कोनासीमा | 5,20,061 | 5,67,238 |
| पूर्वी गोदावरी | 4,12,048 | 4,37,574 |
| एलुरु | 4,48,269 | 4,04,900 |
| गुंटूर | 3,17,785 | 3,76,277 |
| काकीनाडा | 5,30,231 | 5,55,598 |
| कृष्णा | 8,21,804 | 7,55,848 |
| कुरनूल | 2,83,292 | 7,09,143 |
| नांदयाल | 5,15,649 | 4,89,543 |
| एनटीआर | 2,89,484 | 2,38,695 |
| पलनाडु | 1,57,014 | 3,03,707 |
| पार्वतीपुरम मान्यम | 4,05,523 | 4,73,187 |
| प्रकाशम | 3,94,893 | 3,61,562 |
| एसपीएसआर नेल्लोर | 3,34,119 | 3,27,721 |
| श्री पोट्टी श्रीरामुलु नेल्लोर | - | - |
| श्री सत्य साईं | 2,26,582 | 2,77,444 |
| श्रीकाकुलम | 17,71,967 | 16,92,527 |
| तिरुपति | 4,54,276 | 4,84,332 |
| विशाखापट्टनम | 38,464 | 36,971 |
| विजयनगरम | 14,83,140 | 14,53,005 |
| पश्चिम गोदावरी | 6,65,793 | 6,97,075 |
| वाई.एस.आर. | 3,99,455 | 4,17,284 |
| **कुल** | **1,23,16,188** | **1,31,59,483** |

**अनुबंध-II**

## पीएमएफबीवाई के तहत आंध्र प्रदेश में नामांकित किसान आवेदनों का जेंडर-वार विवरण

| वर्ग | 2022-23 | 2023-24 |
|---|---|---|
| पुरुष | 91,49,296 | 98,35,523 |
| महिला | 31,64,175 | 33,21,756 |
| जेंडर (अन्य) | 2,717 | 2,204 |
| **कुल** | **1,23,16,188** | **1,31,59,483** |

*नोट: - यह योजना वर्ष 2016-17 से कार्यान्वित की जा रही है तथा वर्ष 2018-19 से विस्तृत डेटा उपलब्ध है। (जून 2024 तक का डेटा) - वर्ष 2020-21 और 2021-22 के दौरान आंध्र प्रदेश में यह योजना कार्यान्वित नहीं की गई।*

**अनुबंध-III**

**आंध्र प्रदेश में पीएमएफबीवाई के तहत वर्ष 2022-23 के दौरान औसत दावों का जिला-वार विवरण**

| ज़िले का नाम | दावों का कुल भुगतान (रुपये में) | लाभान्वित किसान | दावों का औसत भुगतान (रुपये में) |
|---|---|---|---|
| अल्लूरी सीताराम राजू | 2,46,71,590 | 1,551 | 15,907 |
| अनकापल्ली | 34,48,660 | 497 | 6,939 |
| अनंतपुर | 42,56,84,619 | 22,669 | 18,778 |
| अन्नमय्या | - | - | |
| बापतला | 3,88,08,278 | 3,817 | 10,167 |
| चित्तूर | - | - | |
| डॉ.बी.आर.अंबेडकर कोनासीमा | 9,75,70,077 | 14,023 | 6,958 |
| पूर्वी गोदावरी | 5,85,73,901 | 5,164 | 11,343 |
| एलुरु | 2,86,763 | 151 | 1,899 |
| गुंटूर | - | - | |
| काकीनाडा | 11,86,55,295 | 15,656 | 7,579 |
| कृष्णा | 54,43,592 | 225 | 24,194 |
| कुरनूल | 66,00,51,085 | 44,784 | 14,739 |
| नांदयाल | 32,61,32,870 | 29,514 | 11,050 |
| एनटीआर | 3,83,84,066 | 17,614 | 2,179 |
| पलनाडु | 4,24,44,560 | 9,956 | 4,263 |
| पार्वतीपुरम मान्यम | 1,34,43,948 | 2,774 | 4,846 |
| प्रकाशम | 1,70,04,43,715 | 53,687 | 31,673 |
| एसपीएसआर नेल्लोर | 79,73,646 | 159 | 50,149 |
| श्री पोट्टी श्रीरामुलु नेल्लोर | - | - | - |
| श्री सत्य साईं | 67,71,89,217 | 68,470 | 9,890 |
| श्रीकाकुलम | 31,22,843 | 1,088 | 2,870 |
| तिरुपति | 20,36,509 | 491 | 4,148 |
| विशाखापट्टनम | - | - | - |
| विजयनगरम | 48,79,668 | 318 | 15,345 |
| पश्चिम गोदावरी | 1,30,66,493 | 2,099 | 6,225 |
| वाई.एस.आर. | 1,37,13,37,740 | 54,926 | 24,967 |
| **कुल** | **5,63,36,49,134** | **3,49,633** | **16,113** |

*राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2021-22 में यह योजना कार्यान्वित नहीं की गई।

*****